

राष्ट्रपति द्रौपदी ने शिक्षक दिवस पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करती हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 237 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# भारत में 'इंडिया' पर घमासान

## ● जी20 रात्रिभोज के न्योते में 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल, कांग्रेस ने लगाया 'इंडिया' शब्द हटाने का आरोप

**विपक्ष बिफरा**

**जो निमंत्रण पत्र राष्ट्रपति भवन की तरफ से भेजे गए हैं, उनमें 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' को बदला गया है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** ने जी-20 सम्मेलन से पहले केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया है कि जी-20 समिट के लिए नौ सितंबर को होने वाले रात्रि भोज के लिए जो निमंत्रण पत्र राष्ट्रपति भवन की तरफ से भेजे गए हैं, उनमें आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' को बदला गया है। रमेश का दावा है कि इसमें इंडिया शब्द को हटाया गया है और 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल किया गया है। जयराम रमेश ने ट्वीट में संविधान का जिक्र करते हुए कहा, "इसके अनुच्छेद 1 में कहा गया है कि भारत, जो कि इंडिया था, वह राज्यों का संघ है। लेकिन अब तो राज्यों के संघ पर भी हमला किया जा रहा है।"

**शशि थरूर बोले- सदियों में इंडिया से बनी देश की ब्रांड वैल्यूः** इस पूरे विवाद पर कांग्रेस नेता शशि थरूर का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि वैसे तो इंडिया को भारत बुलाने पर कोई संवैधानिक आपत्ति नहीं है। यह देश के दो नामों में से एक है। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इतनी बेवकूफ नहीं होगी कि इंडिया नाम को पूरी तरह से हटा दे, जिसकी सदियों में बनी एक ब्रांड वैल्यू है।

**इंडिया नाम से डरी है भाजपाः** उधर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने संविधान में संशोधन कर इंडिया का नाम बदलने की अटकलों पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, इंडिया शब्द से यह सहम गए हैं।

## बीजेपी नेताओं ने शुरू किया देश के लिए 'भारत' शब्द का इस्तेमाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विपक्ष** की ओर से अपने साझा गठबंधन को इंडिया नाम दिए जाने के बाद से इस पर राजनीति शुरू हो गई। भाजपा नेताओं की तरफ से इंडिया को लेकर दिए जा रहे बयानों के बीच अब पार्टी के सांसदों ने भी इंडिया की जगह भारत के औपचारिक इस्तेमाल की वकालत शुरू कर दी है। भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने तो इंडिया शब्द को अंग्रेजों की गाली तक करार दे दिया, जबकि असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने भी भारत को लेकर ट्वीट किया है।

**क्या बोले भाजपा सांसद हरनाथ यादवः** भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने कहा कि पूरा देश इस वक्त मांग कर रहा है कि हम इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करें। इंडिया शब्द हमें ब्रिटिश की तरफ से दी गई गाली की तरह था, जबकि भारत शब्द हमारी संस्कृति को दर्शाता है। हमारे



संविधान में भी बदलाव होना चाहिए और इसमें भारत शब्द को जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, "ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी भारत को गरीब और अनपढ़ लोगों का देश बताती है। ब्रिटिशों ने जानबूझकर गुलाम देश को इंडिया से जोड़ा।"

**हमारी सभ्यता अब तेजी निर्भिकता से अमृत काल की ओर बढ़ रहीः** उधर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी भारत शब्द पर जोर देते हुए आम चलन के टर्म 'रिपब्लिक ऑफ इंडिया' की जगह एक्स पर अपने पोस्ट में 'रिपब्लिक ऑफ भारत' इस्तेमाल किया।

## वनडे वर्ल्डकप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वनडे** वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 1.30 बजे टीम के 15 खिलाड़ियों के नाम अनाउंस किए। श्रीलंका के कैंडी में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजित अगरकर के साथ टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी मौजूद थे। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरूआत 5 अक्टूबर से हो रही है। भारत का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई के चेपॉक मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा।

**यह है भारतीय टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूयार्कुमार यादव, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।

## प्रदेश में राज्य चयन आयोग स्थापित होगाः सीएम सुक्खू



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर जिला के नादौन से मुख्यमंत्री सबल योजना का शुभारम्भ किया। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के हमीरपुर, सोलन और शिमला जिलों के 400 विद्यालयों में विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों को सहयोग प्रदान करना है। यह योजना विशेष रूप से सक्षम बच्चों के क्षमता विस्तार आकांक्षाओं और जीविकोपार्जन में सहयोग से उनके उज्ज्वल भविष्य के दृष्टिगत तैयार की गई है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग की भर्तियों के प्रश्नपत्र बेचे गए, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा इसके दोषियों को सलाखों के पीछे करने के दृष्टिगत कड़े कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मेरिट आधारित और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हमीरपुर में आगामी दो माह में हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के स्थान पर राज्य चयन आयोग की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस नए आयोग के माध्यम से सभी परीक्षाएं कम्प्यूटर प्रणाली के माध्यम से ली जाएंगी।

## वन नेशन वन इलेक्शन' के समर्थन में पीके

**टीम एक्शन इंडिया/मुजफ्फरपुर**
**जन** सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) ने मुजफ्फरपुर में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अगर इसे सही नीयत लागू किया जाए तो राष्ट्र हित में होगा। एक ट्रांजिशन का 4 से 5 साल का फेज हो। जिससे सबको उस व्यवस्था में आने का समुचित समय मिले, तो ये देश के हित में है। पहले देश में 17-18 सालों तक वन नेशन वन इलेक्शन लागू था। दूसरा, भारत जैसे बड़े देश में जहां मैं खुद इलेक्शन से जुड़ा रहा हूं, हर साल 25 फीसदी भारत का हिस्सा करीब-करीब वोट करता है। ऐसे में पूरे समय सरकार चलाने वाले लोग कभी यहां इलेक्शन तो कभी वहां इलेक्शन कराने के चक्कर में फंसे रहते हैं। पीके ने कहा कि एक बार या दो बार चुनाव कराया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा। इससे खर्च भी बचेगा और जवाबदेही भी तय होगी। जनता को एक बार ही निर्णय लेना होगा।

## धारा 370 मामले में सुनवाई पूरी

### 5 जजों की संविधान पीठ ने सुरक्षित रखा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आर्टिकल** 370 मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने 16 दिन की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि 5 अगस्त 2019 को संसद ने जम्मू कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म करने का प्रस्ताव पास किया था। इसके साथ ही उसे 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बांटने का भी फैसला लिया गया था।

**दलीलों से संतुष्ट हैं :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और अनुच्छेद 370 मामले में याचिकाकर्ता न्यायमूर्ति (रिटायर्ड जज) हसनैन मसूदी ने कहा,की गई दलीलों से संतुष्ट हैं। कोर्ट में सभी पहलुओं पर ठोस दलीलें दी गईं।

**कौन-कौन रहे सुनवाई के समापन दिन में शामिलः** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई में पांच जजों की संविधान पीठ ने आर्टिकल 370 पर सुनवाई की। इसमें पीठ के न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल रहे।



**दी गई दलीलें**

**5 अगस्त 2019 को संसद ने जम्मू कश्मीर को धार 370 के तहत मिला विशेष दर्जा खत्म करने का प्रस्ताव पास किया था**



# सरकार भूल गई श्री रेणुका जी विधानसभा का विकास: रावत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्कू सरकार सिरमौर के प्रमुख धार्मिक क्षेत्र श्री रेणुका जी विधानसभा में विकास करवाना ही भूल गई है। यह बात जिला सिरमौर भाजपा मीडिया के सह प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने जारी एक बयान में कही। प्रताप सिंह रावत ने जिला सिरमौर के तमाम कांग्रेसी नेताओं को सुस्त और गैर जिम्मेदार बताते हुए अपने-अपने क्षेत्र की अनदेखी के आरोप लगाए हैं। प्रताप सिंह रावत ने कहा कि श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र जहां हर तरह के पर्यटन के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं बावजूद इसके कांग्रेस सरकार इसका दोहन कर पाने में असमर्थ नजर आ रही है।उन्होंने कहा



कानून व्यवस्था लगभग चौपट हो चुकी है। युवा वर्ग बेरोजगारी और अनदेखी के चलते नशे की गर्त में जा रहा है। नशे के कारोबारी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर नजर आते हैं। प्रताप रावत ने कहा कि श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सरकार से मौजूदा सरकार तक कांग्रेस के ही विधायक हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व जयराम सरकार ने इस क्षेत्र में कई सौ करोड़ रुपए के विकास करवाए हैं। प्रताप सिंह रावत ने हैरानी जताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार भी कांग्रेस की है और विधायक भी कांग्रेस के बावजूद इसके यह विधानसभा क्षेत्र विकास के हर नजरिए में लगातार हाशिये पर जा रहा है। क्षेत्र का पढ़ा लिखा युवा बेरोजगारी के चलते क्षेत्र से पलायन कर रहा है। बेरोजगार युवाओं को अपने ही औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों में नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने स्थानीय कांग्रेसी नेताओं पर रोजगार की संभावना ना तरसते को लेकर भी उन्हें सवालों के कटघरे में खड़ा किया है।प्रताप सिंह रावत ने कहा कि क्षेत्र में अदरक, टमाटर, मटर, आलू, लहसुन आदि प्रचुर मात्रा में होता है। बावजूद इसके सीजन पर यह सब सस्ता हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा मार्केट के अनुसार अपनी उपज को स्टॉक करने के लिए कोल्ड स्टोर आदि की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। प्रताप सिंह रावत ने यहां तक भी कहा कि इस पूरे विधानसभा क्षेत्र में बागवानी की भी अपार संभावना है बावजूद इसके सरकार के विभाग इस क्षेत्र के लिए कोई भी योजना किसानों के लिए बना पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। प्रताप सिंह रावत ने कहा कि पूर्व में रही भाजपा सरकार ने क्षेत्र के लिए बहुत सी प्रभावी योजनाएं बनाई थी मगर मौजूदा कांग्रेस सरकार उन्हें निरंतर बनाए रखने में भी नाकाम साबित हो रही हैं। रावत ने कहा कि श्री रेणुका जी झील के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए भारी राज्यों से आने वाले पर्यटक काफ ी मायूस होकर जाते हैं।

उन्होंने इसकी बड़ी वजह बताते हुए कहा कि ना तो जिला प्रशासन यहां नौका विहार शुरू करवा पाया है और ना ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कोई विशेष योजना बना पाए हैं।उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता प्रदेश सरकार को इस बार नसीहत देने की तैयारी में है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार फिर से केंद्र की सत्ता पर काबिज होगी।

## जल भंडारण टैंकों की सफाई के निर्देश: अधीक्षण अभियंता

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
बरसात के बाद जल जनित रोगों की संभावनाओं को देखते हुए जल शक्ति महकमा पूरी तरह से अलर्ट हो गया है सिरमौर जिला में जल शक्ति विभाग ने कर्मचारियों को सभी जल भंडारण टैंकों की साफ -सफ ाई की निर्देश दिए है। जिला मुख्यालय नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार महाजन ने कहा कि बरसात के बाद जल जनित और रोगों की संभावनाएं बढ़ जाती है, जिसे देखते हुए जल शक्ति महकमे ने जिला में कर्मचारियों को सभी जल भंडारण टैंको की साफ -सफ ाई के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से भी विभाग द्वारा सहयोग की अपील की जा रही है साथ ही उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दी है कि जल स्त्रोतों के समय-समय पर सैंपल भी लिए जाएं और इस बारे में स्वास्थ्य विभाग को भी अवगत करवाया जाए।
अधीक्षण अभियंता ने कहा कि सभी जल भंडारण टैंकों की क्लोरिनेशन भी की जाएगी ताकि किसी भी तरीके से जल जनित रोगों के फैलने की संभावना न रहे उन्होंने लोगों से भी सहयोग की अपील की है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि सिरमौर जिला में सभी पेयजल योजनाओं को बहाल कर दिया गया है और अब सिंचाई योजनाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है। जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता ने यह भी जानकारी दी कि सिरमौर जिला में हाल में हुई भारी बारिश के कारण जल शक्ति महकमे को करीब 160 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

## विकेश तोमर ने एक लाख देकर आपदा प्रभावितों की मदद की

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
इस बार बरसात में भारी तबाही हुई है। हिमाचल प्रदेश सहित उत्तराखंड में भी भारी नुकसान हुआ है। वहीं, उत्तराखण्ड के दूर दराज गांव जाखल में लगभग 15 दिन पहले भूस्खलन हुआ ओर अचानक घर में दरारें आने लगी और जमीन धंसने लगी। ग्रामीणों की मानें तो 15 से 20 मिनट के भीतर मकान इतने धंस गए कि अब वह रहने लायक नहीं बचे। गांव के लोग तुरंत वहां से भागे। गनीमत यह रही कि गांव में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। 28 परिवार इस भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं। जो कि अब तक पास के प्राइमरी स्कूल में रह रहे है। स्थानीय विधायक मुन्ना चौहान तुरंत मौके पर पहुंचे। वहीं,



जिला सिरमौर के पांवटा के गांव किल्लोड के रहने वाले विकेश तोमर ग्रामीणों की मदद के लिए गांव पहुंचे और वहां जाकर उनका हाल जाना। बता दें कि विकेश तोमर गांव कलाथा, आंजभोज, तहसील पाँवटा साहिब के रहने वाले हैं। समाजसेवी के साथ साथ वह व्यवसायी भी हैं। वह पूर्व में भाजपा जिला सयोंजक आईटी विभाग सिरमौर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आईटी विभाग और सोलन के प्रभारी आईटी विभाग में रहे हैं। रविवार को वे गांव जाखल के ग्रामीणों से मिलने पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों की एक लाख रूपए की आर्थिक मदद की और आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो तो वह उनके साथ खड़े हैं।

## जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 11 सितम्बर को

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला भाषा अधिकारी कुल्लू सुनीला ठाकुर ने जानकारी दी कि भाषा एवं संस्कृति विभाग, प्रदेश की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में निरन्तर प्रयासरत है। विभाग द्वारा प्रति वर्ष सांस्कृतिक दलों तथा वादकों को प्रदेश में, प्रदेश से बाहर मेले-त्योहारों व विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतिया देने हेतु भेजा जाता है।

दलों के चयन के लिए विभाग द्वारा हर वर्ष जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लोकनृत्य दल को राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 11 सितम्बर, को प्रातः 10 बजे राजकीय महाविद्यालय, कुकुमसेरी उपमण्डल उदयपुर लाहोल में किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने के लिए जिला लाहौल स्पीति के विद्यालय, महाविद्यालय व अन्य सभी पंजीकृत अथवा अपंजीकृत लोकनृत्य दल दिनांक 10 सितम्बर तक जिल भाषा अधिकारी कार्यालय के ई-मेल अथवा दूरभाष के माध्यम से आवेदन कर सकते प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोकनृत्य दलों के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं जो निम्न प्रकार हैं।

## शिक्षा संवाद में दिखी होनहार छात्रों की प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा में आज शिक्षा संवाद आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, अभिभावकों और अध्यापकों ने भाग लिया। आज अध्यापक दिवस भी मनाया गया इस मौके पर विद्यार्थियों ने अविष्कार अभियान के तहत विभिन्न विषयों के मॉडल और चार्ट बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। शिक्षक दिवस पर बच्चों ने अध्यापकों को शुभकामनाएं देकर अध्यापकों के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किए।
शिक्षा संवाद से पहले सभी ने बच्चों द्वारा लगाई गई मॉडलों की



प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की खूब प्रशंसा की। विद्यालय के एसएमसी प्रभारी रमेश चौहान द्वारा अभिभावकों का स्वागत करते हुए उन्हें परीक्षाओं, विद्यांजलि योजना और शिक्षा के कई मुद्दों पर अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नारायण सिंह भी शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अध्यापक दिवस पर कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए और अध्यापकों को इस दिवस पर शुभकामनाएं भी दी। प्रधानाचार्य संजय कुमार द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि अध्यापकों और अभिभावकों के बीच अच्छे समन्वय से स्कूल और शिक्षा में कई प्रगतिशील परिवर्तन किए जा सकते हैं। उन्होंने अखंड ज्योति मेरे स्कूल से निकले मोती, विद्यांजलि योजना, स्कूल में चल रहे अन्य कार्यों के बारे में भी अभिभावकों को जानकारी दी और इन योजनाओं के अंतर्गत विद्यालय को दान देने वाले सभी गणमान्यों का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी एसएमसी सदस्यों और अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

## न्यूज फ्लैश

### पथ परिवहन निगम की बसें 7 सितम्बर से मुकरवा चौक तक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडलीय प्रबंधक, हिमाचल पथ परिवहन निगम, मंडी विनोद कुमार ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के दृष्टिगत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी ट्रैफि क एडवाइजरी के अनुसार हिमाचल पथ परिवहन निगम की दिल्ली के लिए जाने वाली व दिल्ली से आने वाली बस सेवाओं का प्रचलन 7 सितम्बर सायं से 10 सितम्बर मध्य रात्रि तक मुकरवा चौक दिल्ली तक रहेगा।
उन्होंने दिल्ली जाने वाले सभी यात्रियों से आग्रह किया कि वह दिल्ली के लिए यात्रा कार्यक्रम उसी अनुसार तय करें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### विभागीय परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 सितम्बर से

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
विभाग परीक्षा बोर्ड के एक प्रवक्ता ने गत दिवस को बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा और हिमाचल प्रदेश वन सेवा के अधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और हिमाचल में कार्यरत अन्य सभी राजपत्रित एवं पात्र अराजपत्रित अधिकारियों, स्कूल शिक्षा बोर्ड के राजपत्रित अधिकारी, पात्र अराजपत्रित अधिकारी तथा हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के अभियन्ताओं व हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के वरिष्ठ प्रबन्धकों, सहायक अभियन्ताओं, राजस्व विभाग के पटवारी व कानूनगो के लिए विभागीय परीक्षाएं 21 से 29 नवम्बर, 2023 तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं के लिए पात्र अधिकारियों से 08 सितम्बर से 7 अक्तूबर, 2023 तक मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।प्रवक्ता ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के बाद आवेदन की विंडो स्वतः ही बंद हो जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागाध्यक्षों के अनुमोदन के बाद ही प्रार्थी का आवेदन मान्य होगा और विभागाध्यक्षों के लिए यह विंडो 16 अक्तूबर, 2023 तक खुली रहेगी। इसके बाद विभागाध्यक्ष की विंडो भी बंद हो जाएगी।उन्होंने बताया कि विभागीय परीक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक पात्र अधिकारियों की सुविधा के लिए सभी पेपर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली, शिमला में आयोजित करवाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त जो अभ्यार्थी केवल प्रथम पेपर वित्तीय प्रशासन पेपर-1 में भाग ले रहे हैं, उनके लिए राजकीय डिग्री कॉलेज धर्मशाला और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मण्डी में भी आयोजित करवाया जाएगा।


## वीर सिंह ठाकुर ने वार्षिक मानदेय मुख्यमन्त्री राहत कोष में किया जमा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर ने अपना एक वर्ष का मानदेय मुख्यमन्त्री राहत कोष में जमा किया। समाज सेवा में रहते हैं तत्पर। आपदा में प्रभावित लोगों की मदद के लिय हमेशा तत्पर रहने वाले युवा नेता एवं समाजसेवी वीर सिंह ठाकुर ने इस बार भी हिमाचल में हाल ही में आई आपदा से प्राभावित लोगों की मदद के लिए अपना एक वर्ष का मानदेय मुख्यमन्त्री राहत कोष में जमा किया है। जो कि सभी के लिए एक

**मदद**

**⏩जिला परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहें हैं।**

प्रेरणा है। सचिव जिला परिषद कुल्लू ने जानकारी दी कि वीर सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला परिषद कुल्लू ने हाल में आई आपदा से प्रभावित जनों की मदद के लिए अपने मानदेय की राशि को एक वर्ष तक मुख्यमन्त्री राहत कोष में जमा करने बारे निवेदन किया है।



हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण लोगों की आजीविका को काफ ी नुकसान हुआ है तथा भूस्खलन और बाढ़ के कारण सडकें, ईमारते वह गई हैं और फ सलों को भी काफ ी नुकसान हुआ है। उपरोक्त के दृष्टिगत श्री वीर सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला परिषद ने सचिव जिला परिषद को पत्र के माध्यम से उनको प्रतिमास मिलने वाले मासिक मानदेय 15 हजार रू. की राशि को एक वर्ष तक मुख्यमन्त्री राहत कोष में जमा करने बारे निवेदन किया है। एक वर्ष में यह राशि 1 लाख 80 हजार होगी, जो उनके मानदेय से मुख्यमन्त्री राहत कोष में अगस्त 2023 से जमा करवानी शुरू कर दी गई है।

जिला परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहें हैं। वीर सिंह ठाकुर ने कहा कि वे छात्र जीवन से ही समाज के मदद को हमेशा तत्पर रहते हैं, समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयेजन भी करते रहते हैं, हाल की आपदा में उन्होंने प्राभावित लोगों के लिए भोजन व आवास की व्यवस्था सुनिश्चित करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई थी। ठाकुर ने कोविड महामारी के दौरान भी अपना मानदेय जरूरतमंदो की मदद के लिय खर्च किया था।

## उदयनिधि स्टालिन का बयान सनातनियों की भावनाओं पर कुठाराघात : स्वाभिमान पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
तमिलनाडु सरकार के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए उतेजक, भडकाऊ और मानहानि पूर्ण ब्यान से विश्वभर के सनातनधर्म अनुयाईयों की भावनाओं पर कुठाराघात हुआ है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उदयनिधि स्टालिन द्वारा अनादि-अनन्त सनातन धर्म पर अपमान जनक टिप्पणी की स्वाभिमान पार्टी निंदा करती है।

## मॉक पार्लियामेंट: छात्र-छात्राओं ने समझा संसदीय कार्य प्रणाली को

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर /विवेकानंद वशिष्ठ**
ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में नाट्य रूपांतरण के माध्यम से मॉक पार्लियामेंट का आयोजन कर लोकसभा की कार्यवाही को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकसभा, संसद जैसी पवित्र संस्था की गरिमा का प्रदर्शन करना था। छात्र-छात्राओं को संसदीय कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। इसी क्रम में छात्रों ने संसद की कार्यवाही की प्रक्रिया व सरकार एवं विपक्ष की भूमिका जानी।
राजनीति विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया।




मॉक पार्लियामेंट में संसद जैसा नजारा बना मॉक पार्लियामेंट में नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण, प्रश्नकाल, विधेयक, प्रस्तुतीकरण, प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा को संबोधित करने समेत अन्य का प्रदर्शन हुआ। संसद में जहां विपक्ष ने केंद्रीय बजट व महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास किया वहीं दूसरी ओर सरकार के संबंधित विभागों के मंत्रियों ने प्रश्नों का सरकारी तथ्यों वह योजनाओं का सटीक जवाब दिया, जिस पर विपक्ष के सांसद बेबस नजर आए। कार्यक्रम में ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कुलवीर सिंह, प्रिंसिपल डायरेक्टर पूजा मिन्हास, प्रधानाचार्य निवेदिता शर्मा, शिक्षक राजेश, राजकुमार, जितेंद्र, शिक्षिका अंजलि, नेहा व सौ से अधिक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में छात्रों ने इसे सफ लतापूर्वक प्रस्तुत किया।

## सार्थक शर्मा राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
केंद्रीय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग की शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में हुआ। जिसमें मंडी जिला के एकमात्र छात्र सार्थक शर्मा ने अंडर-19 प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल करके केंद्रीय विद्यालय मंडी का नाम रोशन किया। सार्थक शर्मा केंद्रीय विद्यालय मंडी के छात्र है और हमीरपुर में हुई विभिन्न वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में उन्होंने अंडर-19 वर्ग प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। इसी के साथ केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग की इस शतरंज प्रतियोगिता में अंतिम मैच में खिलाडि ?ों ने बेहतर खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए उच्च स्तरीय खेल दिखाए जिसमें गुरुग्राम के केंद्रीय विद्यालय के छात्र ध्रूव व मनीष ने अंडर-14 प्रतियोगिता में पहले वह दूसरा स्थान प्राप्त किया। हमीरपुर के प्रत्युष शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 वर्ग प्रतियोगिता में शिमला जाखु हिल्स के आशीष ने पहला स्थान तथा फ रीदाबाद के आशुतोष आजाद ने दूसरा और गुरुग्राम वायु



सेना स्थल के कार्तिक शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में केंद्रीय विद्यालय शिमला के प्रतिभागियों नवोदित शर्मा तथा रिषिध शर्मा ने पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा मंडी के सार्थक शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया इन सभी नव प्रतियोगियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया जिसका आयोजन इसी माह किया जाएगा।
केंद्रीय विद्यालय खालियार के सार्थक शर्मा का तीसरा स्थान हासिल होने पर और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर प्रधानाचार्य ने उन्हें बधाई दी है और कहा है कि सार्थक शर्मा ने मंडी जिला का और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी: सुमित खिमटा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि सडक सुरक्षा के दृष्टिगत परिवहन, पुलिस और सम्बन्धित विभागों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहनों की संख्या बढ? के साथ-साथ दुर्घटनाओं की संख्या में भी लगातार इजाफ ा होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा के दृष्टिगत हमें गंभीरता से तीन बिंदुओं पर कार्य करने की आवश्यकता है जिसमें वाहन चालकों में जागरूकता, वाहनों के लिए पार्किंग इत्यादि की सुविधा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई शामिल है।उपायुक्त सुमित खिमटा आज मंगलवार को नाहन में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता




कर रहे थे। सुमित खिमटा ने जिला का रोड़ सेफटी प्लाने बनाने के साथ ही नाहन शहर के लिए भी रोड सेफ्टी प्लान बनाने के लिए नगर परिषद को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषदए लोक निर्माण विभाग और पुलिस के साथ मिलकर नाहन शहर के लिए रोड सेफ्टी प्लाान तैयार करे। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख स्थलों सहित कैंट स्कूल नाहन के समीप चौक पर वाहनों के अनावश्यक पार्किंग पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

उपायुक्त ने कहा कि जिला की प्रमुख सडकों विशेषकर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ओपरस्पीड रोकने के लिए आवश्यक पग उठाये जायें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए मुख्य मार्ग पर साईन बोर्ड लगाकर स्पीड लिमिट तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवा के दूरभाष नम्बरों की जानकारी दी जाये। उन्होंने कहा कि कालाअंब से पांवटा साहिब का क्षेत्र सडक सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर है क्योंकि यहां पर औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ ही स्कूलों की काफ ी संख्या है, इसलिए यहां पर सडक सुरक्षा उपाय बहुत जरूरी हैं।
उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड को रोकने तथा दुर्घटना से बचाव के लिए मुख्य मार्ग पर जहां भी जरूरी हो सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें।

# सडकें, बिजली और पानी की बहाली पर फोकस करें राज्य सरकार :जयराम

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से मांग उठाई है कि सरकार सडकें, बिजली और पानी की बहाल पर फ ोकस करते हुए इन सुविधाओं को तुरंत प्रभाव से बहाल करने की दिशा में तेज गति से कार्य करें। आज अपने गृहक्षेत्र सराज विधानसभा क्षेत्र के शारटी में 70 प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद जयराम ठाकुर ने यह बात कही। उन्होंने शारटी में खोलानाल, खाहरी, नलवागी, कशौड और कून के प्रभावितों से मुलाकात की और उनके दुख दर्द को जानने का प्रयास किया। जयराम ठाकुर ने प्रभावितों को भरोसा दिलाया कि वे उनके साथ हैं और उनकी हर संभव मदद करेंगे। इस मौके पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को ग्रामीण रास्तोंए बिजली और पानी की सुविधा को तुरंत प्रभाव से बहाल करने के निर्देश भी दिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते भी नहीं बचे हैं और बच्चों को स्कूल आने-जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित कौशल्या देवी, कुंजे राम, बीरी सिंह, तारा चंद और अन्यों ने बताया कि बारिश के कारण उनका सबकुछ तबाह हो गया है।

उनके पास कुछ भी शेष नहीं बचा है। अब वे टेंट लगाकर या दूसरों के पास शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। इन्होंने प्रदेश सरकार से जमीन देने और घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई है। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर और सराज मंडल भाजपा के अध्यक्ष भागीरथ शर्मा, दरंग मंडल अध्यक्ष मेहर चंद भारती सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक का आयोजन, उपायुक्त ने की अध्यक्षता

**अनुमोदन**

▶▶ समिति ने अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत 5 मामलों की रद्द रिपोर्ट को भी अनुमोदन दिया।



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में गत दिवस को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 2018 से अब तक कल 64 मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित है। उन्होंने जिला न्यायवादी शिमला एवं रामपुर से पुराने मामलों को जल्द से जल्द निपटारा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिला में विभिन्न थाना के अंतर्गत जनवरी 2023 से अब तक 16 नए मामले भी पंजीकृत किए गए है जिनकी जांच की जा रही है। इस अवसर पर समिति ने अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत 5 मामलों की रद्द रिपोर्ट को भी अनुमोदन दिया। उन्होंने कहा कि जिला में जनवरी, 2023 से अब तक अधिनियम के अंतर्गत 12 पीड़ितों को 17 लाख 25 हजार रुपए की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अधिनियम के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूक शिविरों का भी आयोजन किया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी को जिला के अलग-अलग स्थानों पर शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए।

## शिक्षक दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर ग्राम पंचायत कीड़ी के अंतर्गत आती राजकीय प्राथमिक पाठशाला साहलुंई शिक्षा खण्ड हरदासपुरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के जिला पार्षद मनोज कुमार मनु ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस मौके पर उन्होंने सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापक, बच्चे व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पार्षद के सम्मुख बच्चों के अध्यापकों व अभिभावकों की तरफ से मांगे रखी गई।

# छात्रों के साथ ठगी करना बंद करें विधायक विनय कुमारः जिला भाजपा प्रवक्ता

**आरोप**

▶▶ एक क्षेत्र के बच्चों को बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दूसरे क्षेत्र के बच्चों को बस सुविधा से वंचित किया है।

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने रेणुका के विधायक विनय कुमार पर कॉलेज और स्कूल के छात्रों के साथ ठगी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कल जब संगड़ाह में डिग्री कॉलेज और स्कूलों के छात्रों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बस सुविधाऐं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया तो उसके तुरंत बाद रजाना माईना और बडक आदि क्षेत्रों में तुरंत बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विधायक श्री विनय कुमार का बयान आया और साथ में हिमाचल पथ परिवहन निगम नाहन के उपमहा प्रबंधक के हस्ताक्षर से आदेश पत्र भी जारी कराया गया कि कल से ही बडग रजाना और माईना के छात्रों को बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस आदेश से हड़ताल कर रहे बच्चों का खुश होना स्वाभाविक था परंतु विधायक विनय कुमार द्वारा झूठ बोलने और स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ ठगी करने का खुलासा आज सुबह उसे वक्त हुआ जब संगड़ाह से जबलोग, लजवा और अरट आदि गांवों से बच्चों को स्कूलों और कॉलेज तक पहुंचने वाली बाया बस का समय 8 बजे का अपेक्षा प्रातः 6:30 बजे कर दिया गया और बायां बस सुबह 6:30 बजे अरट पहुंच गई। मेलाराम शर्मा ने आरोप लगाया की विधायक ने एक क्षेत्र के बच्चों को बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दूसरे क्षेत्र के बच्चों को बस सुविधा से वंचित किया है। उन्होंने कहा की 10 बजे स्कूल और कॉलेज पहुंचने वाले विद्यार्थी सुबह 6:30 बजे स्कूल जाकर क्या करेंगे और कैसे सुबह इतनी जल्दी नाह धोकर और भोजन इत्यादि की व्यवस्था कर पाएंगे। जिला प्रवक्ता ने विधायक से आग्रह किया है कि वह पिछली सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई गई बसों की समय-सारणी के साथ छेड़छाड़ ना करें और शिमला जाकर मुख्यमंत्री से नई बसें लगाने का आग्रह करें ताकि स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को समुचित परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेसी नेताओं ने महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को ठगा और अब स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ ठगी कर रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### पर्यटकों के स्वागत के लिए हिमाचल तैयार, हवाई सेवाएं भी उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
देश का प्रसिद्ध पर्यटन गंतव्य हिमाचल प्रदेश एक बार फि र पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक अमित कश्यप ने बताया कि पर्यटक कसौली, शिमला, चायल, नारकंडा और किन्नौर जैसे खूबसूरत पर्यटन गंतव्यों की यात्रा और भ्रमण कर सकते हैं। इन पर्यटन गंतव्यों के लिए सडक मार्ग खुले हैं और कोई भी इन गंतव्यों की सुरक्षित यात्रा कर सकता है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा घाटी, धर्मशाला, मैक्लोडगंज, पालमपुर, डलहौजी, खज्जियार और चम्बा के भ्रमण के लिए भी सडक मार्ग खुले हैं। पर्यटक वर्तमान सीजन में राज्य के अधिकांश होटलों में विशेष छूट की सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान 7 प्रतिशत है। इसके अलावा, पर्यटन क्षेत्र राज्य में कुल रोजगार में लगभग 14.42 प्रतिशत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का योगदान देता है।उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण सडक मार्ग से यात्रा के लिए राज्य के कुछ हिस्सों में व्यवधान उत्पन्न हुआ, हालांकि सडक मार्गों को बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर किये गए प्रयासों से पर्यटक अब चम्बा, कांगड़ा, शिमला और अन्य जिलों की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से शिमला से धर्मशाला के लिए हवाई सेवा कनेक्टिविटी प्रदान की गई है और अब दिल्ली से शिमला और शिमला से धर्मशाला गग्गल हवाई अड्डा के लिए अलायन्स एयर की दैनिक उड़ान भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि शिमला-धर्मशाला-शिमला की सभी सीटों के किराये पर सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है।

इस रूट पर कुल किराया प्रति सीट 3000 रुपये टैक्स अतिरिक्त निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों की सुविधा के लिए उड़ान योजना के अंतर्गत पवन हंस द्वारा संचालित हेलीकाप्टर सेवा की उड़ानें चंडीगढ़ से शिमला और शिमला से रामपुर मंडी, कुल्लू तथा धर्मशाला के लिए उपलब्ध हैं।

### मंडी शहर में विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 7.50 लाख रुपये जारी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
सांसद निधि से मंडी शहर में विभिन्न कार्यों के लिए 7.50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए सांसद प्रतिभा सिंह ने सांसद निधि से राशि जारी कर दी है। सांसद ने शमशान घाट कांगनी में सुरक्षा दीवार के निर्माण के लिए .50 लाख रुपये की पहली किश्त जारी की है। नेला-4 में वर्षा शालिका के निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपये तथा खलियार में ब्यास नदी के किनारे श्मशान घाट के निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपये की राशि जारी की है। यह कार्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम मंडी द्वारा करवाए जाएंगे। श्मशान घाट कांगनी में सुरक्षा दीवार लगाने के लिए पार्षद योगराज ने, नेला में वर्षा शालिका के लिए पार्षद राजेन्द्र मोहन ने तथा खलियार में शमशान घाट के निर्माण के लिए पार्षद अलकनंदा हांडा ने सांसद से गुजारिश की थी। सांसद प्रतिभा सिंह ने बताया कि मंडी शहर में विभिन्न कार्यों के लिए सांसद निधि से 7.50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही मंडी संसदीय क्षेत्र में उन्होंने सांसद निधि से 55.20 लाख रुपये की राशि जारी की है। यह राशि मंडी संसदीय क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक-पुनर्निर्माण कार्यों पर खर्च होगी।

### पशुपालन विभाग कर्मचारी संघ जिला कुल्लू की बैठक अध्यक्ष संजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
पशुपालन विभाग कर्मचारी संघ जिला कुल्लू की बैठक संघ के प्रधान संजीव भारद्वाज की अगुवाई में उपनिदेशक पशुपालन विभाग जिला कुल्लु डॉक्टर राजिंद्र पॉल के साथ उनके कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिला के पशुपालन विभाग के फ ार्मासिस्टों को अपने कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं को मांगपत्र के माध्यम से उपनिदेशक पशुपालन विभाग जिला कुल्लू को अवगत करवाया। कर्मचारियों को कार्यक्षेत्र में ऑनलाइन के सम्बंध में और पशु संस्थानों में फ र्नीचर, दवाइयों, बिजली-पानी के बिल आदि की समस्याओं आदि के बारे विस्तार से बताया गया।उपनिदेशक पशुपालन विभाग जिला कुल्लू ने मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण कर दिया।

# सनातन धर्म पर अभद्र टिप्पणी करने पर माफी मांगे उदय स्टालिः भीमसेन



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
बीते दिनों तमिलनाडु में सनातन धर्म पर नेताओ के द्वारा जो टिप्पणी की गई है वो शर्मनाक है और उन नेताओं को अब सार्वजनिक रूप से माफ ी मांगनी चाहिए। ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश बीजेपी कार्य समिति सदस्य भीमसेन शर्मा ने कहा कि इस बयान ने देश की आत्मा पर कुठाराघात किया गया है। तमिलनाडु के सीएमएम के स्टालिन और उनके बेटे खेल मंत्री उदय स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म पर जो टिप्पणी की है वो निंदनीय है। सनातन धर्म को डेंगू का मच्छर कहा गया। अब पूरे देश में उस बयान की निंदा हो रही है। वहीए भारत का विपक्ष भी इसी मुद्दे पर चुप्पी साधे बेटा हुआ है। बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य भीमसेन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे ने भी इस बयान का समर्थन किया है। जिससे पता चलता है कि इस तरह के बयान को कुछ राजनीतिक दल भी अपना समर्थन दे रहे है। जो बिल्कुल भी सही नही है। इस बयान का भारत के प्रमुख धर्म गुरुओं ने भी कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म कई करोड़ो साल पुराना है और इस धर्म में सभी के सम्मान की बात कही गई है। भीमसेन शर्मा का कहना है कि सनातन धर्म में सभी लोगो के सुख की कामना की गई है लेकिन कुछ लोग अब इसका गलत तरीके से विरोध कर रहे हैं। विश्व में कई तरह के मत है जिसकी अनुपालन आज कई लोग कर रहे है। लेकिन सनातन धर्म ने जीवन जीने की शैली बताया और आज पूरा विश्व उसकी अनुपालन भी कर रहा है।

ऐसे में प्राचीन धर्म की निंदा करना और कुछ राजनेतिक दलों के द्वारा इस बयान को शरण देना बहुत गलत है। भीमसेन शर्मा ने कहा कि भारत में बीजेपी ने अब इसका विरोध किया है और मांग रखी गई है कि जिन लोगो ने इस तरह का गलत बयान दिया है। वो तुरंत सनातन धर्म से माफ ी मांगे। सनातन धर्म को मानने वाले कभी किसी को गलत नही कहते है और ना ही किसी धर्म की बुराई करते है।

## नए रूट परमिट के लिए आवेदन 16 सितम्बर तक होंगे: आरटीओ

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ कृष्णा चंद ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण मण्डी की बैठक 27 सितम्बर को निर्धारित की गई है जिसमें बस रूट परमिट स्थानांतरण, मॉडिफिकेशन, परमिट का प्रतिस्थापन, ऑटो रिक्शा व स्कूल बसों से संबंधित आवेदनों विचार किया जाएगा। उन्होंने मण्डी जिला के सभी निजी बस मालिकों, स्कूल प्रबंधक, ऑटो रिक्शा तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम को सूचित करते हुए कहा कि वह अपने आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस पर 16 सितम्बर तक जमा करवा सकतें है।



सोलन में एएसपी पद पर तैनात योगेश रोलटा विशिष्ट सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क अवार्ड से हुए सम्मानित, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने डीजीपी डिस्क अवार्ड किया प्रदान।

# स्योग वार्ड में मनरेगा के अर्न्तगत खर्च होंगे 50.37 करोड़ः चम्पा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला परिषद सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंपा ठाकुर ने आज जिला परिषद वार्ड स्योग में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का आयोजन जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में किया गया, जिसमें स्योग वार्ड की विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि स्योग वार्ड की 13 पंचायतों में बारिश व भू-स्खलन से प्रभावित लोगों को लगभग एक करोड़ 50 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान कर दी गई है। इसके अतिरिक्त लगभग 500 तिरपाल पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड के भू-स्खलन के कारण घर क्षतिग्रस्त हो गए थे, उन्हें पंचायती राज प्रशिक्षण केंद्र सदयाणा में ठहराया गया है जहां पर उन्हें निःशुल्क भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सदर उपमंडल के स्योग वार्ड में काफ ी अधिक संख्या में भू-स्खलन के कारण बाधित हुए थे, जिनमें से अधिक सम्पर्क मार्गो पर यातायात बहाल कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 70 प्रतिशत पेयजल योजनाओं को चालू कर दिया गया है। उन्होंने लोक निर्माण तथा जल शक्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने दिन-रात मेहनत कर लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी प्रभावित लोगों को राहत मैनुअल के तहत मुआवजा प्रदान करें। चंपा ठाकुर ने बताया कि स्योग वार्ड के लिए मनरेगा के तहत 50 करोड़ 37 लाख रुपये की 4451 योजनाएं स्वीकृत हुई है, जिनके माध्यम से क्षेत्र के 12 लाख 68 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।



# सरस्वती पैराडाइज बना 'भारत को जानो' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का विजेता

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
राजधानी के संजौली क्षेत्र में स्थित सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्रों को 6 अगस्त को, सरस्वती विद्या मंदिर विकासनगर में आयोजित भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में भाग लेने का सौभाग्य मिला जिसमें 18 विभिन्न स्कूलों के 600 से अधिक छात्रों ने उत्सुकता से भाग लिया। प्रतियोगिता को दो श्रेणियों सीनियर और जूनियर में बांटा गया था। भाग लेने वाली कई टीमों में सेए प्रत्येक श्रेणी में अगले दौर में आगे बढ? के लिए केवल छह टीमों का चयन किया गया था।वरिष्ठ वर्ग में, चयनित टीमें डीएवी न्यू शिमला, डीएवी लक्कड़ बाजार, दयानंद पब्लिक स्कूल, ऑकलैंड हाउस स्कूल गर्ल्स, सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल और मोनाल पब्लिक स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से थीं। इन टीमों ने प्रतियोगिता में असाधारण ज्ञान और योग्यता का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार, जूनियर वर्ग में, सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, डीएवी न्यू शिमला, दयानंद पब्लिक स्कूल, एसवीएम हिम रश्मी, डीएवी टूटू और केवी जतोग की टीमों ने
अपने उल्लेखनीय कौशल का प्रदर्शन किया और अगले दौर में अपना स्थान सुरक्षित किया। अगले दौर में सरस्वती पैराडाइज के छात्रों ने 3 सितंबर को कालीबाड़ी हॉल में आयोजित भारत को जानो फ ाइनल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वरिष्ठ वर्ग में, दसवीं कक्षा के मृदुल शर्मा और ग्यारहवीं कक्षा की रिधिमा खिट्टा उभरे। विजेताओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त जूनियर वर्ग में सातवीं कक्षा के ओजस कश्यप और अर्शित भंडारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। यह उत्कृष्ट उपलब्धि हमारी अत्यंत मान्यता और प्रशंसा की पात्र है।स्कूल के प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने इस उपलब्धि पर विजेताओं व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उन शिक्षकों की भी सराहना की जिन्होंने परिश्रमपूर्वक इन छात्रों का मार्गदर्शन और पोषण किया।अध्यक्ष हिमांक मित्तल ने कहा कि हमें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाना चाहिए और अपने छात्रों को ज्ञान और उत्कृष्टता की खोज में समर्थन और प्रोत्साहित करना जारी रखना चाहिए।
एसएमल-11/12/13







# संजीव पुंडीर को मिला डीजीपी डिस्क अवार्ड, कहा अगर धैर्य के साथ आगे बढ़ते हैं तो जरूर मिलती है सफलता

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

पुलिस विभाग में बतौर सहायक उप निरीक्षक पद पर कार्यरत संजीव पुंडीर को डीजीपी डिस्क अवार्ड से नवाजा गया है। यह पुरस्कार उन्हें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को राजभवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया। बिलासपुर जिला में वर्ष 2020 के लिए नशे के विरुद्ध अभियान को लेकर संजीव कुमार पुंडीर को बेहतर कार्य के लिए हिमाचल पुलिस के श्रेष्ठ पुरस्कार डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है । संजीव कुमार पुंडीर वर्तमान में हमीरपुर जिला के भोरंज थाना में तैनात हैं और जिला बिलासपुर सिटी के



रहने वाले हैं। संजीव कुमार पुंडीर शुरू से ही अपने छात्र काल में होनहार व खतरों के खिलाडी की पहचान के साथ साथ समाजसेवी भी है । इससे पहले संजीव कुमार बिलासपुर जिला में एसआईयू एसिक्योरिटी ब्रांच व विभिन्न विभागों में अपनी बेहतर सेवाएं देते हुए हर वक्त अब्बल दर्जा प्राप्त किया। संजीव पुंडीर एक अच्छे वक्ता में भी सदैव चर्चित रहे। उनका कहना है कि हर व्यक्ति को अपनी योग्यता के हिसाब से ही फ ल मिलता है, इसलिए हमें योग्यता निखारने की कोशिश लगातार करते रहना चाहिए।

अगर किसी एक काम में धैर्य के साथ आगे बढ़ते हैं तो सफलता जरूर मिलती है, शुरूआती असफ लता से रास्ता नहीं बदलना चाहिए। एक दक्ष मोटिवेटर होते हुए उन्होंने हर स्कूल में बच्चों को जीवन में आगे बढ? के प्रेरक प्रसंग दिए। यही नहीं जिला पुलिस कप्तान उनकी दक्षता को देखते हुए पुलिस विभाग में कार्यरत बल सदस्यों को मोटिवेट करने के लिए बतौर रिसोर्स पर्सन न्युयक्त किया जाता रहा। संजीव कुमार पुंडीर के चाहवानों व दोस्तों ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी उपलब्धि पर उन्हें गर्व है। उन्होंने अपने सभी चाहतों का आभार प्रकट किया है।

# शिक्षक दिवस पर ककराणा के शिव को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**राज्य पुरस्कार**

**शिव कुमार शर्मा के राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने पर संपूर्ण कुटलैहड़ क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला ककराना के जेबीटी शिक्षक शिव कुमार शर्मा को राज्यपाल शिप प्रताप शुक्ला व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया।

शिक्षाविद शिव कुमार शर्मा के राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने पर संपूर्ण कुटलेहड़ क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

वहीं इस अवसर पर शिक्षक शिव कुमार शर्मा को पूर्व मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर, जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, कुटलैहड़ मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, जिला एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरम सिंह, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रिंकू, राज कुमार, ग्राम पंचायत प्रधान अरलू महेंद्र सिंह राणा ने राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## संघनई में व्यक्ति से मारपीट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना गगरेट के तहत संघनई में एक व्यक्ति से मारपीट हुई है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर महिला समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गणेश कुमार निवासी संघनई ने बताया कि सोमवार शाम को पड़ोसी के घर से वापिस आ रहा था, तो गांव के ही गुरदेव सिंह व लखो देवी ने रास्ता रोककर मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। डीएसपी अंब वसूधा सूद ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेट्रोफिटिंग तकनीक के माध्यम से शामती को बचाने की कवायद होगी तेज

**दरार**

**शामती में पहाड़ी धंसने से 21 मकान हुए हैं क्षतिग्रस्त 28 मकानों में आई है दरारें**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

हिमाचल प्रदेश में इस बार हुई बारिश ने लोगों के जनजीवन पर एक गहरा असर डाला है। जगह-जगह पर जमीन धंसने, मकान में दरार आने के मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में सोलन शहर के शामती में भी पहाड़ी धंसने के कारण यहां पर करीब 21 मकान क्षतिग्रस्त हुए थे और 28 मकान



में यहां पर दरारें आई है। अब इस शामती को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि सोलन शहर के साथ लगते शामती में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए मकानों को बचाने के लिए जिला प्रशासन विशेषज्ञों की मदद ले रही है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग रिसर्च एनआईटीटीटीआर के विशेषज्ञों की टीम ने शामती में बूरी तरह क्षतिग्रस्त और आंशिक क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे किया है। ऐसे मकानों को ठीक करने में दक्ष एनआईटीटीटीआर के प्रो. हिम्मत कुमार विनायक ने तीन दिन तक शामती में मकानों का मुआयना किया। यहां पर 21 मकानों बूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं और 28 मकानों में दरारें आई हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक इन मकानों को रेट्रोफिटिंग तकनीक से ठीक किया जा सकता है।

**विशेषज्ञों की राय से क्षतिग्रस्त मकानों की हो सकती है मरम्मतः एडीसी**

शामती में भारी बारिश से हुई लेंड स्लाइडिंग से 49 मकानों को नुकसान पहुंचा है। इन मकानों का अब क्या हो सकता है, इसके लिए विशेषज्ञों की सलाह ली गई है। प्रो. हिम्मत कुमार विनायक ने टीम के साथ क्षतिग्रस्त मकानों का तीन दिन तक गहनता से मुआयना किया है। इस सर्वे की रिपोर्ट जल्द आने वाली है, लेकिन विशेषज्ञों की राय है कि क्षतिग्रस्त तकरीबन सभी मकानों को मरम्मत के बाद ठीक किया जा सकता है। पूरी तरह खतरा टलने के बाद ही यहां पर फि र से लोगों को रहने दिया जाएगा।

**10 जुलाई की रात सोलन में हुई थी लैंड स्लाइड अचानक पहाड़ी में आई थी दरारें**

बीती 10 जुलाई की रात को भारी बारिश से शामती में भारी लेंड स्लाइडिंग हुई थी। इसी के साथ यहां शामती की पहाड़ी भी खिसक गई। इस दौरान यहां पर चार मकान जमींदोज हो गए। इससे 49 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें 21 तो ऐसे हैं जिनको ज्यादा नुकसान हुआ है। जबकि 28 में भी दरारें आई हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर इन सभी मकानों को खाली करवा दिया। इससे यह लोग बेघर हो गए और राहत शिविरों या रिश्तेदारों के पास रहने को मजबूर हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### चंडीगढ़ शिमला नेशनल हाईवे बहाल होने के बाद विश्व धरोहर कालका शिमला रेलवे ट्रैक को बहाल करने की जदोजहद जारी

**मंगलवार से कालका से कोटी रेलवे स्टेशन तक रेल सेवा हुई शुरू**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

चंडीगढ़ शिमला नेशनल हाईवे 5 बहाल होने के बाद अब जदोजहद जारी है कि किस तरह से विश्व धरोहर कालका शिमला रेलवे ट्रैक को बहाल किया जाए फि लहाल आज यानी मंगलवार से कालका से लेकर कोटी रेलवे स्टेशन तक रेलवे विभाग द्वारा ट्रेन सेवा को बहाल कर दिया गया है और अन्य जगहों पर रेलवे ट्रैक को बहाल करने के लिए कर्मचारी काम कर रहे हैं। जुलाई और अगस्त माह में हुई बारिश के बाद रेलवे ट्रैक पूरी तरह से बाधित हो गया था करीब डेढ़ माह के बाद रेलवे ट्रैक पर कालका से लेकर कोटी तक ट्रेन की आवाजाही हो पा रही है हालांकि अभी शिमला तक रेलवे ट्रैक बहाल होने में समय जरूर लग सकता है लेकिन इसके लिए कार्य किया जा रहा है।बता दें कि हिमाचल प्रदेश में मौसम के साफ  होने के बाद फि र सभी चीजें पटरी पर लौटनी शुरू हो गई है। लोगों को राहत देने के लिए सभी टीमें प्रयास कर रही है। वहीं विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे ट्रैक कोटी तक फि र से डेढ़ माह बाद नैरोगेज लाइन पर टॉय ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। इस ट्रेन के संचालन से टकसाल, गुम्मण रेलवे स्टेशन के समीप रहने वाले लोगों को बड़ी राहत रेलवे बोर्ड की और से दी गई है। पहले चरण में कालका से कोटी के बीच ट्रैक क्लीयर हुआ है।

ट्रेनों की यह रहेगी सारणी रू यह ट्रेन कालका से सुबह 7 बजे और 07:55 पर कोटी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वहीं यह ट्रेन 8:20 बजे कोटी से चलेगी और 9:15 बजे कालका पहुंचेगी। वहीं दूसरी ट्रेन दोपहर 3 बजे कालका से कोटी के लिए चलेगी। जबकि शाम 04:20 बजे कोटी से कालका की ओर रवाना होगी।

### संतोषगढ़ में अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सदर थाना के तहत संतोषगढ़ एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हुआ है। जिसका स्थानीय अस्पताल में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वतन सिंह निवासी बड़सर, जिला हमीरपुर ने बताया कि बीती 31 अगस्त को संतोषगढ़ में दुकान से सामान लेने बाजार गया हुआ था। जैसे ही सडक के बीच में पहुंचा, तो एक अज्ञात बाइक चालक ने बड़ी तेज रफ्तारी व लापरवाही से टक्कर मार दी, जिससे वतन सिंह को चोट पहुंची है। चार दिन के बाद होश आने के बाद पुलिस को शिकायत दी। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रोटरी व रोट्रेक्ट ने सम्मानित किए शिक्षक

**राप्रा पाठशाला मनाली में मनाया शिक्षक दिवस**

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**



रोटरी क्लब मनाली के अध्यक्ष अनुराग सूद ने कहा कि अध्यापक ही समाज के आदर्श हैं। अध्यापक के मार्गदर्शन से ही इंसान जीवन में सफ लता हासिल करता है। क्लब की तरफ  से राजकीय प्राथमिक पाठशाला मनाली में आयोजित शिक्षक दिवस के दौरान उन्होंने अध्यापक की भूमिका पर विचार रखें। उन्होंने कहा कि इंसान के जीवन में शिक्षक का ही एक ऐसा पावन रिश्ता है जो अपने विद्यार्थियों की सफ लता पर सबसे ज्यादा हर्षित होता है। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य शेर सिंह ने क्लब की गतिविधियों की सराहना की। रोटरी क्लब के सदस्यों से स्कूल के सभी शिक्षकों मीने राम, लाल सिंह, धर्म चन्द, मीरा रानी, तनुजा शर्मा, सोना देवी, अलका शर्मा, विभूत्ति कात्यायन, रीना आचार्य, मीनाक्षी चौहान व देव कला को सम्मानित किया। इस अवसर पर रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# सुक्खू सरकार ने आपदा में पुर्नवास एवं राहत राशि के आवंटन पर दोहरा मापदंड अपनाया :जीत राम कटवाल



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

झंडूता विस क्षेत्र के भाजपा विधायक जीत राम कटवाल ने सुक्खू सरकार पर प्रदेश में आई प्राकरतिक आपदा में पुर्नवास एवं राहत राशि के आवंटन पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। कहीं पर अधिक धन राशि तो कहीं पर कम धन राशि दी गई। जबकि नुकसान सभी स्थानों पर एक समान हुआ है। प्रदेश कांग्रेस सरकार प्राकृतिक आपदा से निपटने में नाकाम साबित हुई है। वह सोमवार को यहां पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। कटवाल ने कहा कि भाजपा व कुछ कांग्रेसी विधायकों ने मुख्यमंत्री से इस आपदा से निपटने के लिए सही रणनीति तय करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। लेकिन प्रदेश सरकार ने इस मांग को यह कहकर खारिज कर दिया था कि ऐसा करने से पुलिस सहित अन्य आला अधिकारी विधानसभा के कार्यों में व्यस्त हो जाएंगे और इससे आपदा ग्रसित लोगों को राहत पहुंचाने व सहायता उपलब्ध करवाने का कार्य प्रभावित होगा। अगर प्रदेश सरकार ने विशेष सत्र बुलाया होता तो कोई न कोई बेहतर रास्ता निकलना था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में आई प्राकरतिक आपदा में पुर्नवास एवं राहत राशि के आवंटन पर दोहरे मापदंड अपनाए गए। जिसके चलते बिलासपुर जिले में लोक निर्माण विभाग झंडूता को केवल 20 लाख रुपये का बजट जारी किया गया जबकि सदर को 40 लाख, घुमारवीं को 60 लाख और नयनादेवी के बजट को 25 से बढ़ाकर 80 लाख कर दिया गया। जबकि सदर व नयनादेवी में भाजपा के ही विधायक हैं। विधायक किसी पार्टी का नहीं होता। वह क्षेत्र का प्रतिनिधि होता है। वह सभी लोगों का होता है। कटवाल ने कहा कि राजनीतिक तौर पर किए जा रहे भेदभाव का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि घुमारवीं विस क्षेत्र को 850 तिरपाल दिए गए जबकि उनके विस क्षेत्र को केवल 200 ही तिरपाल दिए गए। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र से किए जा रहे भेदभाव का मामला 18 सितंबर से लगने वाले विधानसभा के विशेष सत्र में उठाया जाएगा।

## देहलां में फोटोग्राफर के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना मैहतपुर के तहत देहलां में एक फोटोग्राफर के साथ मारपीट हुई है। मारपीट में फोटोग्राफर घायल हुआ है, जिसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहित कुमार निवासी वार्ड नंबर सात रायपुर सहोड़ा ने बताया कि देहलां में फोटोग्राफरी की दुकान करता हूं। सोमवार रात्रि को दुकान बंद कर वापिस घर जा रहा था, तो बहड़ाला के मनी ने रास्ता रोककर मारपीट की।

# डीएवी में मनाया जन्माष्टमी व शिक्षक दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊना में मंगलवार को शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद सदन की प्रभारी अलका और प्रियंका की देखरेख में किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस मनाते हुए डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य नवजोत कौशल ने कहा कि शिक्षक दिवस अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करने और शिक्षकों के उनके जीवन पर पड़े गहरे प्रभाव को स्वीकार करने का एक उत्कृष्ट



अवसर है। स्कूल में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में छोटे बच्चों के बीच फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता करवाई गई। अधिकतर बच्चे राधा कृष्ण के रूप में नजर आए। उच्च कक्षाओं के मध्य अंतर सदनीय डांस प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें बच्चों ने सोलो डांस और ग्रुप डांस में भाग लिया। इस मौके पर रामप्रकाश, राजेश कुमार, सोनिया सहित स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# किसी भी क्षण भगवान को नहीं भूलना चाहिए: इंद्रेश उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर चल रही श्री भागवत कथा के पांचवे दिन काफी संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लेने के साथ-साथ कथा का रसपान किया। धार्मिक समागम में वृंदावन से आए बाल व्यास पंकज ठाकुर जी द्वारा रासलीला भी की गई।  कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि गिरिराज बृजवासियों की भक्ति का ही परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि सभी बृजवासी श्री कृष्ण की सच्चे दिन से पूजा करते थे। इंद्रेश ने बताया कि श्री कृष्ण हमेशा कहते हैं कि जो



मनुष्य इस धर्म रुपी अमृत का ठीक तरीके से पालन करता हैं वह हमेशा मेरा प्रिय भक्त रहता हैं। उन्होंने कहा कि अगर श्री कृष्ण अपने भक्त को किसी संकट में भी डालते हैं, तो उसका भी कोई कारण होता हैं। वह उस समय भी अपने भक्त की परीक्षा ले रहे होते हैं कि संकट के समय भक्त कैसे व्यवहार करता हैं। कथा वाचक इंद्रेश ने बताया कि दुख सुख तो एक सिक्के के दो पहलु हैं। जैसे धूप के बाद शाम आती हैं, वैसे ही दुख के बाद सुख का आना तो तय ही होता हैं। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी क्षण भगवान को नहीं भूलना चाहिए। इस मौके पर श्री कृष्ण के अनेक मोहक गानों को गया। जिससे पूरा पंडाल नाच उठा। भक्ति के रंग में रंगने लगे। आज होगा रूकमणी कृष्ण विवाह वहीं राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज जी ने श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देते हुए अपने प्रवचनों से निहाल किया। उन्होंने कहा कि हमारे साथ जो कुछ भी होता हैं वह सब हमारे कर्मों का ही फल होता हैं, जो हमें मिल रहा होता हैं। इसमें हमें भगवान को दोष देने की जरुरत नहीं होती हैं। उन्होंने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर चले धार्मिक कार्यक्रम के दौरान 6 सितंबर को रूकमणी कृष्ण विवाह के पावन प्रसंग होंगे। उन्होंने बताया कि 7 सिंततबर को श्रीमद् भागवत कथा सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

# पीएम मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा: बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर, 2023 से लेकर 2 अक्तूबर, 2023 गांधी जयंती तक पूरे प्रदेशभर सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को हर्ष और उल्लास के साथ पूरे प्रदेश भर में अनेकों कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने जा रही है। मोदी देश के प्रथम सेवक है और उनके जन्मदिन सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जाएगा।बिंदल ने कहा कि 17 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विश्वकर्मा



योजनाइ का शुभारंभ करेंगे जिसमें विभिन्न प्रकार के कारीगर लोहार, सुनार, कुम्हार, बढ़ई, मिस्त्री, बार्बर, टेलर, चर्मकार, मुर्तिकार, जुलाहा, बुनकर आदि-2 करोड़ों लोगों के लिए 15000 करोड़ रू की योजना प्रारंभ की जाएगी।इस कार्यक्रम को हमे पूरे प्रदेशभर में मंडल और बूथ तक देखेंगे। उन्होंने कहा की इसी दिन देश के 70 स्थानों पर एक्सपो केंद्रों का उद्घाटन होगा। इसी क्रम में 18 सितम्बर, 2023 को प्रदेशभर में रक्तदान शिविर लगाए जाने हैं। 19 सितम्बर से 22 सितम्बर, 2023 तक आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनाने हैं। इसके लिए विशिष्ट मोबाईल ऐप का उपयोग किया जाएगा। भाजपा के कार्यकर्ता इस अभियान में बढ़.चढकर भाग लेंगे। 23 और 24 सितम्बर, 2023 को स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने हैं। 25 सितम्बर, 2023 पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। सदा की भांति हर बूथ पर यह कार्यक्रम होगा। हमें हर मण्डल में एक दलित बस्ती चुनकर प्रमुख कार्यकताओं को वहां पूरा दिनभर संपर्क-संवाद करना है।उन्होंने कहा की 2 अक्तूबर, 2023 को गांधी जयंती के दिन सभी स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

# ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विधानसभा क्षेत्र भटियात के तहत लाहडू-चिंहा, तुनुहट्टी, नैनीखड्ड, सहित राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154, के तहत प्राकृतिक आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुए विभिन्न हिस्सों एवं क्षेत्रों में हुए नुकसान का निरीक्षण किया। उन्होंने उपमंडलीय प्रशासन को आपदा प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता के निर्देश भी दिए। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के साथ बातचीत के दौरान उन्हें आश्वस्त  करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश



सरकार लोगों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विशेष प्राथमिकता के साथ राहत एवं बचाव, पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्य जारी है। साथ में कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि संपूर्ण प्रदेश में प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर मुख्यमंत्री ने   विधानसभा अध्यक्ष सहित सभी मंत्रियों को हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में प्रवास कर आपदा से प्रभावित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा करने को कहा है।

# संपादकीय

## अब आकाश पर अभूतपूर्व आगाज

**वैश्विक** स्तरपर बीते कुछ वर्षों से भारत जिस तेजी के साथ स्पेस, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, स्वास्थ्य, परिवहन सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़कर विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है, उससे दुनियां अचंभित है और कहने पर मजबूर हो गई है कि, भारतीय बौद्धिक क्षमता के बारे में सुना था लेकिन अब उसे प्रैक्टिकली महसूस भी कर रहे हैं और शीघ्र विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता है। विजन 2047 के बहुत पहले ही भारत अपने सभी लक्षों सहित नंबर वन की वैश्विक अर्थव्यवस्था होगा मेरा भारत देश। आज भारत और भारतीयों की प्रतिष्ठा बढ़ी है और यह परिवर्तन भारत में ही नहीं विदेशों में भी देखा जा सकता है। किसी के इशारे पर गुजरात के तत्कालीन सीएम को अमेरिका ने 9 बार वीजा देने से मना किया, किंतु आज वही अमेरिका उस सीएम से वर्तमान में पीएम बने व्यक्तित्व को एक आदर्श के रूप में देख रहा है। आज पूरी दुनियां उनको विश्व का सबसे बड़ा राजनेता समझती है। आज देश के युवाओं एवं उद्यमियों के लिए एक नया प्रभात आया है। अभी दो वर्ष पूर्व तक देश के युवा को ऐसा लगता था कि अगर उसे सफलता का गगन चूमना है तो पश्चिम का रुख करना होगा पर आज की स्टार्टअप योजना, डिजिटल इंडिया एवं मुद्रा योजना के चलते युवा एक नई विकास क्रांति का अनुभव कर रहे हैं। चूंकि भारत 2023 से 2025 तक पूरे सौर्य मंडल पर गगनयान से तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता ने दुनियां को अचंभित कर दिया है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत का वर्तमान में अंतरिक्ष क्षेत्र मेंसफलता का अभूतपूर्व आगाज हो रहा है और हर भारतवासी कह रहा है भारत की प्रौद्योगिकी पर जावां वारी, चंद्र सूरज के बाद अब सारे आकाश की बारी।

साथियों बात अगर हम चंद्रमा सूरज के बाद अब सारे आकाश की बारी की करें तो, चंद्रयान 3 के बाद, इसरो भारत की सूर्य की पहली यात्रा से दुनियां को आश्चर्यचकित कर दिया है। आदित्य-एल1 सौर मिशन श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से 2 सितंबर को लॉन्च हो चुका है। इसरो ने 124 अंतरिक्ष यान मिशनों को अंजाम दिया है। 93 मिशन भी लॉन्च किए गए हैं और विभिन्न मिशनों की योजना बनाई गई है। अगले 3 वर्षों के लिए इसरो के प्रमुख मिशनों के बारे में बताते हैं। गगनयान-1- यह गगनयान एक भारतीय चालक दल वाला कक्षीय अंतरिक्ष यान है। इसका उद्देश्य भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम का आधार बनना है। यह अंतरिक्ष यान केवल तीन लोगों के लिए बनाया जा रहा है। एक उन्नत संस्करण मिलन स्थल और डॉकिंग क्षमता से सुसज्जित होगा। इस वर्ष के अंत में एक मानव रहित अंतरिक्ष यान उड़ान परीक्षण निर्धारित हैगगनयान-2- यह एक मानव रहित अंतरिक्ष यान उड़ान परीक्षण होगा। यह उद्घाटन क्रू मिशन से पहले दो उड़ान परीक्षणों में से दूसरा होगा। गगनयान 3- 2025 में इसरो एक चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

# कोटा पर कलंक लगाती आत्महत्या की घटनाएं

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं"

**राजस्थान** का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपए के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है।

पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते की स्थिति में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल है। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं।

कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं। कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा में कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। पूरे कोटा शहर की अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। कोटा शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं।




आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 300-400 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित राजस्थान सरकार हरकत में आई है। सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए अगले दो माह तक सभी तरह के टेस्टों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला जाएगा। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए जाएंगे जिनमें डिवाइस फिट रहेगी और यदि कोई पंखे पर लटकने की कोशिश करेगा तो डिवाइस में लगा सायरन बजकर लोगों को सतर्क कर देगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी। सरकार अपनी तरफ से चाहे कितनी भी कोशिश कर ले। कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा।

यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी कोटा में पढ़ने वाले छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान जब तक अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब कोटा के हालात नहीं सुधरेंगे।

# कविता

## महिला शक्ति महान

कम ना समझो
महिलाओं की शक्ति को,
मां दुर्गा के प्रति
इनकी भक्ति को।

दुश्मनों का नाश
करती मां भवानी
अलौकिक अद्भुत है
नारी हिंदुस्तानी।
घर परिवार मुख्य
धुरी है देश की नारी,
उसे कभी मत
समझो तुम बेचारी।

घर हो या बाहर
समान है उसकी शक्ति
धर्म में उनकी
कितनी है भक्ति।
बच्चों के प्रति
असीम है आसक्ति।

घर हो या ऑफिस
बराबर की भूमिका निभाती
समाज के विकास में भी महिलाएं
गजब ऊर्जा दिखलाती,
स्कूटर,ऑटो और बस चलाती
रेल चला कर, हवाई जहाज उडाती।

संजीव ठाकुर

## कितना प्रदूषण है आपके घर में?

**कर्मवीर अनुरागी**

प्रदूषण आज संसार की सबसे प्रमुख समस्या है जिससे पर्यावरण शास्त्री, वैज्ञानिक व बुद्धिजीवी सभी चिंतित हैं लेकिन हम उस प्रदूषण के प्रति चिंतित नहीं हैं जो हमारे घर के आसपास का है, घर के अंदर का है, रसोईघर का है।कारखाने, पेट्रोल चालित वाहन नदियों का प्रदूषित जल आदि पर तो सबका ध्यान जाता है लेकिन हमारे घर में व घर के आस-पास के प्रदूषण के प्रति हम उदासीन हैं। आइये, हम अपने घर के अंदर होने वाले प्रदूषण के बारे में जानें और उससे बचने का प्रयास करें। हमारे दैनिक इस्तेमाल में कई ऐसी चीजें आती हैं जिन्हें हम आधुनिक जीवन का अनिवार्य अंग मानते हैं लेकिन उनके प्रभाव भयानक रूप से हानिकारक होते जा रहे हैं। नये शोधों से यह पता चला है कि कई प्रकार की धातुएं, प्लास्टिक रसायन व गैस जो हम नित्य काम में लाते हैं उनसे स्वास्थ्य की बड़ी क्षति हो रही हैं। प्रारंभ हम रसोईघर से करते हैं। नल जिससे रसोई घर में पानी आता है, उसके जोड़ों में यदि रांगा है तो वह पानी को विषैला करता रहता है। पीतल की टंकियां पीतल का विष घोलती हैं। जिन बर्तनों पर हम कलई करवाते हैं, उसमें रांगा मिला होता है जो अक्सर कलई के महंगे होने के कारण मिला दिया जाता है। इसी प्रकार अल्यूमीनियम में भी जल के प्रभाव से हानिकारक विष का निर्माण होता है। हम पानी को साफ करने के लिए उपकरण लगाते हैं, उनमें लगी बत्तियों या फिल्टर को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए अन्यथा इन फिल्टरों में ही कीटाणु पनपते रहते हैं और पानी पीने योग्य नहीं रहता। धातु के बाद हम प्लास्टिक का उपयोग भी खूब करते हैं। प्लास्टिक में भी कई प्रकार के हानिकारक तत्व उत्पन्न होते हैं। फ्रिज के अंदर पानी को ठण्डा रखने के लिए प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल होता है उनसे खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। यदि पुराने प्लास्टिक को गलाकर तेज रंग मिलाये गये उनके बने खिलौने बच्चों के लिये हानिकारक हो सकते हैं। रसोई में ईंधन के रूप में गैस का प्रयोग आम हो गया है। गैस जलने में बहुत कम मात्रा में नाइट्रोजन ऑक्साइड भी देती है। जिन चूल्हों में गैस पूरी तरह जलती हो, उनमें कार्बन मोनोऑक्साइड गैस निकलती है। नाइट्रोजन ऑक्साइड से गले व फेफड़ों में जलन होती है तथा दमा रोग बिगड़ता है। कार्बन मोनोऑक्साइड तो घातक जहर है, ही इसलिये रसोईघर का कमरा हवादार होना आवश्यक है, साथ ही गैस के चूल्हे की सफाई व रख रखाव भी ठीक होना चाहिए। आजकल साबुन के स्थान पर डिटर्जेन्ट पाउडर का उपयोग आम हो गया है। इससे नदी-नालों में जहरीला प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। साथ ही घरों में इससे तरह-तरह के चर्मरोग फैल रहे हैं। उन्नत देशों में तो सुरक्षित डिटर्जेन्ट मिलने लगे हैं लेकिन विकासशील देशों में इस बात की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। यदि डिटर्जेन्ट पाउडर कपड़ों से पूरी तरह नहीं निकाला गया तो शरीर के साथ लगे कपड़ों से चर्म रोग भी फैल सकता है। घरों में मच्छर, खटमल व मक्खी मारने के लिए जो कीटनाशक उपयोग में लाये जाते हैं उनको सूंघने से कई प्रकार के श्वास रोग हो सकते हैं। यदि वे भोजन में मिल जायें तो और भी हानिकारक हो सकते हैं।

# विचार

## सनातन धर्म पर हमले से मचा बवाल

**बाल मुकुंद ओझा**

**तमिलनाडु** का विवादों से पुराना नाता रहा है। अब सनातन धर्म पर हमले को लेकर पूरे देश में मचा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा लगता है जैसे सनातन पर संग्राम छिड़ गया हो। तमिलनाडु के सीएम के बेटे के सनातन धर्म पर विवादित बयान पर डटे रहने से भाजपा हमलावर हो गई है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी धर्मों के पालन की जरुरत जताई है। इंडिया गठबंधन के कुछ घटक दल भी इस बयान पर नाखुशी जाहिर कर रहे है। इस साल होने वाले पांच राज्यों के चुनावों पर भी इसका असर पड़ने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पुस्तकों के मुताबिक जैसे सत्य सनातन है। ईश्वर ही सत्य है, आत्मा ही सत्य है, मोक्ष ही सत्य है और इस सत्य के मार्ग को बताने वाला धर्म ही सनातन धर्म भी सत्य है। वह सत्य जो अनादि काल से चला आ रहा है और जिसका कभी भी अंत नहीं होगा वह ही सनातन या शाश्वत है। वैसे तमिलनाडु में हिंदी और हिंदुस्तान के विरोध की खबरे कोई नई नहीं है। तमिलनाडु में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के विरुद्ध जो आंदोलन हुआ था उसको तमिलनाडु का हिन्दी भाषा विरोधी आन्दोलन नाम से जाना जाता है।

तमिलनाडु का प्रथम हिन्दी भाषा विरोधी आन्दोलन मद्रास प्रान्त में 1937 में हुआ। इसके बाद वहां लगातार हिंदी विरोध की लपटे उठती रही। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध 1937 से ही है, जब चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की सरकार ने मद्रास प्रांत में हिंदी को लाने का समर्थन किया था पर द्रविड़ कषगम ने इसका विरोध किया था। तब विरोध ने हिंसक झड़पों का स्वरूप ले लिया था और इसमें दो लोगों की मौत भी हुई थी। लेकिन साल 1965 में दूसरी बार जब हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने की कोशिश की गई तो एक बार फिर से गैर हिंदी भाषी राज्यों में पारा चढ़ गया था। तब से आज तक तमिलनाडु हिंदी विरोध का प्रमुख केंद्र बन गया।

तमिलनाडु वही राज्य है जहाँ हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती को हत्या के एक आरोप में 11 नवंबर, 2004 को गिरफ्तार किया गया था हालाँकि बाद में न्यायलय ने उन्हें बाईज्जत बरी कर दिया गया था। इस मामले में कनिष्ठ स्वामी विजेंद्र सरस्वती को 22 अन्य लोगों के साथ मामले में गिरफ़्तार किया गया. मामले की सुनवाई 2009 में शुरू हुई, जिसमें कोर्ट में 189 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। सबूतों के अभाव के चलते सभी आरोपियों को पुदुचेरी कोर्ट ने 13 नवंबर, 2013 को बरी कर दिया था। कांचीपुरम के वरदराजापेरुमल मंदिर के प्रबंधक ए शंकररमण की तीन सितंबर 2004 को मंदिर में ही हत्या कर दी गई थी। .इस मामले में कुल 24 लोगों को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी बनाया गया था, जिनमें से जयेंद्र सरस्वती और विजयेंद्र प्रमुख आरोपी थे। अब एक बार फिर सनातन धर्म पर हमला किया गया। यह हमला तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू और मलेरिया मच्छर बताकर किया।

उन्होंने एक बैठक के दौरान कहा, सनातन धर्म को मच्छर, मलेरिया, डेंगू और कोरोना की तरह ही खत्म करना है। उदयनिधि के इस बयान पर साधु-संत भड़क गए, तो संघ-विश्व हिंदू परिषद और भाजपा ने नाराजगी जताई। भाजपा ने स्टालिन के बेटे के बयान को लेकर पूरे इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा है. गृह मंत्री अमित शाह ने इंडिया गठबंधन की पार्टियों पर वोट बैंक की राजनीतिक का आरोप लगाया। उधर, कांग्रेस ने भी इस बयान से किनारा कर लिया। भाजपा ने उदयनिधि से माफी की मांग की है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## कद्र करें एक दूसरे की भावनाओं की

**नीतू गुप्ता**

**शादी** के बाद हर दंपति की चाहत होती है कि खुश रहें और सफल रहें। अपने दांपत्य जीवन में इस इच्छा को पूरा करने के लिए दोनों में कुछ त्याग की भावना का होना, एक दूसरे की भावनाओं को समझना जरूरी होता है। यदि एक दूसरे की भावनाओं को समझ कर सम्मान किया जाए तो गृहस्थी की नींव पक्की रहती है। खुशियां ढूंढने के लिए दोनों को प्रयास करना पड़ता है। पेश हैं कुछ सुझाव दांपत्य जीवन को सफल और खुशनुमा बनाने के लिए- पत्नी के लिए पति के दफ्तर जाते समय उन्हें यह कहना न भूलें कि, ह्यसमय पर घर आइएगा। मैं आपका इंतजार करूंगी।ह्यऐसा कहने से पति को अपने महत्त्व का पता चलता है। पत्नी को चाहिए कि पति के बर्थ डे को याद रखें और उन्हें विश करें और जताएं कि ह्यवोह्य आपके लिए विशेष हैं। उन्हें तोहफा देना भी न भूलें। पति की मनपसंद चीज कभी-कभी खरीद कर उन्हें देती रहें ताकि उन्हें अच्छा लगे।

पति को अच्छा लगता है कि पत्नी पति का एक बच्चे की तरह ख्याल रखे और उसकी जरूरत की सभी चीजें उसके हाथ में दें। पति के खाने-पीने का पूरा ध्यान रखें। सप्ताह में कम से कम एक बार उनकी पसंद का खाना बनायें और प्यार से परोसें। उनकी नापसंद चीज न बनायें और खाने की जिद्द न करें। टिफिन को साफ सुथरे तरीके से सजा कर पैक करें ताकि खाना खाते समय वे आप को याद किए बिना न रह पायें। यदि आप घरेलू महिला हैं तो खाने से कुछ समय पूर्व या बाद में फोन कर पूछ लें कि खाना खाया है या नहीं। कामकाजी हैं तो समय निकाल कर फोन पर बात करें। पत्नी को चाहिए कि अपने माता-पिता, बहन भाइयों के बीच पति का मजाक न उड़ाएं बल्कि उन्हें पूरा सम्मान दें ताकि परिवार के सदस्य भी उन्हें यथोचित सम्मान दें। मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं, ऐसा बातों और हरकतों से जाहिर करें। पत्नी को चाहिए कि पति के परिवार के सदस्यों का सम्मान करे और उनके दोषों को बहुत अधिक उजागर न करें।

बहस होने पर चुप रहें। बात ठंडी पड़ने के बाद पति को समझाएं। पति का मूड खराब होने पर अधिक सवाल जवाब न करें। कुछ समय के लिए अकेला छोड़ दें। थोड़ी देर तक मूड ठीक होने का इंतजार करें और मूड खराब होने का कारण प्यार से जानने का प्रयास करें। पत्नी को चाहिए कि पति के परेशान होने पर उसका मनोबल बढ़ाएं और सहयोग दें।

## वन नेशन-वन इलेक्शन जैसा नाम वैसा ही होगा प?

**ऋतुपर्ण दवे**

**सच में** भारत वन नेशन-वन इलेक्शन मोड में चला गया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटीगठितहो गई है।इसी महीने 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र की चौंकाने वाली चर्चाएँ थमीं नहीं थी कि 24 घण्टे नहीं बीते कि सरकार ने अपनी नई मंशा साफ कर दी। हालांकि पहले हीदेश में मध्यावधि चुनाव की चर्चाएं तेज हो गईं थी। घरेलू रसोई गैस के दाम 200 रुपए घटानाइत्तिफाक नहीं हो सकता। भाजपा को लगता है कि उसके पासप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबसे लोकप्रिय चेहरा है जिस पर देश को भरोसा है। इसी के चलते यह बड़ा फैसला लिया गया होगा?हर वक्त चुनावी मोड मे रहने वाली भाजपा,संगठन को लेकर जितनागंभीरहै उतनाकोई दूसरा दल नहीं।हो सकता है विपक्ष जब एकजुटता के लिए तीसरी बैठक कर रहा थातभी इन घोषणाओं से एकता के महायज्ञ में भाजपा ने बड़े विघ्न की आहुति दे दी हो?

मोदी शुरू से ही वन नेशन-वन इलेक्शन के पक्षधर रहे। राज्यसभा में भी पहले ही कह चुके हैं कि देश में एक बार चुनाव हो जाए तो सभी 5 सालों के लिए अपने-अपने कामों में जुट जाएं। सिंगल वोटर लिस्ट की भी वकालत कर चुके हैं। एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र और संविधान के मूल ढ़ांचे या देश के संघीय ढ़ांचे के साथ मजाक तो नहीं होगा? कहीं विधानसभा या लोकसभा चुनावों के परिणाम साफ नहीं आए और त्रिशंकु जैसी स्थिति बनी तब प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की नियुक्ति कैसे होगी? क्या इसमें बड़े-बड़े पेंच हैं। समझ में आ गया कि संसद के विशेष सत्र का एजेण्डा क्या है।देश पहले भी 1952, 1957, 1962 और 1967 में एक साथ इलेक्शन हुए हैं। ये बात जरूर है तब यह शब्द आया था। 1968,1969 में बदलते राजनीतिक समीकरणोंसे कई विधानसभाएं और 1970 में लोकसभा भी भंग हुई। इसके बाद सेयह परिपाटी टूट गई।अब नरेन्द्र मोदी इसे बहाल करना चाहते हों? जिसे अब वन नेशन-वन इलेक्शन का नाम दिया जा रहा है। इसमें तमाम संवैधानिक पेंच होंगे, संशोधनों की जरूरत होगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 06 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

Front Page - 2

# नरेला में बह रही भागवत रस की धारा

## कथा व्यास गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने नारद व्यास संवाद, पांडव चरित्र एवं शुकदेव आगमन की कथा सुनाई

















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल (रजि.) की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भव्य पंडाल में आयोजित हो रही इस कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुँच रहे हैं। नरेला स्थित नई अनाज मंडी में चल रही इस कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### कथा का दूसरा दिन - नारद संवाद संवाद, पांडव चरित्र और शुकदेव आगमन रहे मुख्य प्रसंग

कथा के दूसरे दिन मंगलवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी जी ने व्यास पीठ से नारद व्यास संवाद, पांडव चरित्र एवं शुकदेव आगमन की कथा का प्रसंग बहुत ही मनमोहक अन्दाज में प्रस्तुत किया। बीच- बीच में कई बार ऐसे भी पल आये जब श्रोता भाव विभोर हो उठे। कथा के दौरान गोस्वामी जी ने श्रोताओं को हिंदू धर्म-संस्कृति में श्रीमद भागवत कथा के महत्व को भी समझाया। साथ ही छोटे छोटे प्रसंगों से उदाहरण देते हुए बताया की कैसे इसे हम अपने जीवन में आत्मसात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। उन्होंने शुकदेव आगमन की कथा प्रसंग विस्तार से सुनते हुए कहा कि क्रमिक मुनि के पुत्र द्वारा दिए गए श्राप की जानकारी मिलने पर राजा परीक्षित ने विद्वानों को अपने दरबार में बुलाया और उनसे राय मांगी। उस समय विद्वानों ने उन्हें शुकदेव का नाम सुझाया और इस प्रकार सुखदेव का आगमन हुआ। पांडव प्रसंग पर उन्होंने कहा कि जब आप धर्म अथवा सत्य के मार्ग पर होते हैं, तो आपके जीवन में अनेक विघ्न-बाधाएं उपस्थित हो जाती हैं। कुछ लोग उन विघ्न बाधाओं से बचने के लिए असत्य का वर्णन कर लेते हैं, पर जिन लोगों द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य का दामन नहीं छोड़ा जाता है फिर उनका हाथ हमारे प्रभु द्वारा पकड़ लिया जाता है। जो सत्य मार्ग का अनुगामी है, उसका साथ प्रभु द्वारा कदम-कदम पर दिया जाता है। यही सत्य मार्ग पर चलने वाले पांडवों के जीवन से हमें सीख मिलती है। उन्होंने पांडवों के चरित्र का भावपूर्ण सरल शब्दों में वर्णन किया कि उपस्थित लोग भाव विभोर हो गए।

### ये लोग रहे मौजूद

कथा उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके नरेला के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सुरेश कौशिक, अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति से जुड़े लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे।



उत्तराखंड के बागेश्वर विधानसभा सीट बीते 26 अप्रैल को पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन के बाद खाली हुई थी। जिसके लिए मंगलवार को मतदान हुआ।

## माफिया की 91 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**गाजियाबाद:** ग्रामीण जोन पुलिस ने भूमाफिया एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधी महबूब अली की अवैध रूप से अर्जित की गयी लगभग 26 करोड़ रुपये की अचल सम्पत्ति मंगलवार को गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुर्क की। एसीपी ने मंगलवार को बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी के अंतर्गत पावी सादकपुर के रहने वाले महबूब अली के धोखाधड़ी, मारपीट, अपहरण, जमीन पर कब्जा करने, गुंडा एवं गैंगस्टर अधिनियम के कुल 20 अभियोग पंजीकृत हैं।

## उत्तराखंड के 17 शिक्षकों को मिला शैलेश मटियानी पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**कार्यक्रम** में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। वहीं, सीएम धामी ने पुरस्कार की धनराशि बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शैलेश मटियानी पुरस्कार की धनराशि को 10,000 से बढ़ाकर 21,000 किया गया है। बता दें कि शिक्षा विभाग की ओर से शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार 2022 की घोषणा इस साल फरवरी में की गई थी, लेकिन इन पुरस्कारों के लिए चयनित शिक्षकों को पुरस्कृत नहीं किया जा सका था।

## कुत्ते के काटने से बच्चे की मौत

बेटे को अजीबो-गरीब दिक्कतें होनी शुरू हो गईं। उसको पानी देखने से डर लगने लगा। खाना-पीना बंद कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**

गाजियाबाद में कुत्ते के काटने से 14 साल के बच्चे की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। एम्स से लेकर तमाम बड़े हॉस्पिटलों ने उसको लाइलाज घोषित कर दिया। बच्चे ने एम्बुलेंस में अपने पिता की गोद में दम तोड़ दिया। पीड़ित परिजनों की मांग है कि जिस महिला ने



कुत्ता पाल रखा है, उस पर कड़ी कार्रवाई हो। याकूब मेहनत मजदूरी करते हैं। याकूब का बेटा शाहवेज (14) कक्षा आठ में पढ़ता था। चार दिन पहले 1 सितंबर को बेटे को अजीबो-गरीब दिक्कतें होनी शुरू हो गईं। उसको पानी देखने से डर लगने लगा। खाना-पीना बंद कर दिया। कभी-कभी भौंकने जैसे आवाजें भी मुंह से निकलने लगीं। फैमिली ने कुछ डॉक्टरों को दिखाया तो पता चला कि उसे कुछ समय पहले किसी कुत्ते ने काटा, जिसका इंफेक्शन अब ज्यादा फैल गया है।

**डेढ़ महीने पहले कुत्ते ने काटा था:** बच्चे के दादा मतलूब अहमद ने बताया, "हमने पोते से जब पूछा तो उसने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले पड़ोस में रहने वाली आंटी के कुत्ते ने उसको काट लिया था। डर के मारे उसने ये बात घर पर नहीं बताई। जिस वजह से बच्चे को तुरंत उचित इलाज नहीं दिया जा सका। जब बच्चे में लक्षण दिखने शुरू हो गए, तब हमें पता चला।"

**पर्यटन** प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन स्थलों का विकास कर उससे सुगम बनाने की कार्ययोजना

## पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने राज्य में लागू है पर्यटन नीति 2020

**विकास कार्य**

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल के निर्देशन में राज्य शासन द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने हेतु "छत्तीसगढ़ पर्यटन नीति 2020 " का राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 18 अप्रैल 2020 से कर इसे 5 वर्ष के लिए लागू किया गया है। छत्तीसगढ़ (छग) पर्यटन नीति 2020 में स्थानीय उद्यमियों एवं निजी निवेशकों हेतु पर्यटन प्रोत्साहन, पी.पी.पी. मॉडल पर पर्यटन विकास के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। साथ ही राज्य के समस्त जिलों में



चिन्हांकित पर्यटन स्थलों में से प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन स्थलों का विकास कर उससे सुगम बनाने की कार्ययोजना है। जल पर्यटन-प्रदेश में जल पर्यटन की पर्याप्त संभावनाओं को देखते हुए प्रदेश के 09 जलाशयों यथा मुरूमसिल्ली, गंगरेल डैम धमतरी, हसदेव बांगो जलाशय कोरबा, संजय गांधी जलाशय (खूटाघाट) रतनपुर, सरोधा जलाशय कबीरधाम, समोधा बैराज, कोडार जलाशय रायपुर मनालिया जलाशय गौरेला और दुधावा जलाशय कांकेर का चयन

पर्यटन प्रोत्साहन, पी.पी.पी. मॉडल पर पर्यटन विकास के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं

किया गया है। राम वनगमन पथ-छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ में आने वाले 75 स्थलों का चयन किया गया है । तुरतुरिया, चन्दरखुरी, राजिम, सिहावा सप्तऋषि आश्रम, जगदलपुर एवं रामाराम के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 162 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है।

